हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 विधायक साहू किसानों के साथ पहुंचे सिंचाई...



14 मंत्री गुरु खुशवंत ने कलाकारों के साथ ...





## खबर संक्षेप

### सलोनीकला में 150 लीटर महुआ शराब जब्त



**भटगांव**। स्थानीय पुलिस ने ग्राम सलोनीकला सबेरिया डेरा में तड़के सुबह अवैध महुआ शराब की शिकायत पर कार्रवाई के लिए दबीश दी। इस दौरान डेरा में रहने वाले पुरुष लोग पुलिस को देखकर भाग गए, पुलिस द्वारा छापा मार कार्रवाई के दौरान घरों में शराब तो नहीं मिली, परंतु डेरा के आसपास मैदान में तथा नदी के किनारे भारी मात्रा में शराब बनाने हेतु रखे गए लहान करीब 3 क्विंटल और शराब बनाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले उपकरण को नष्ट किया गया तथा 150 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा डेरा में उपस्थित महिलाओं को शराब नहीं बेचने समझाइश दी गई।

### 40 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**खरोरा**। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सारागांव



जोरा तालाब के पास रामअवतार साहू अवैध रूप से बिक्री करने शराब रखा है। सूचना तस्दीकी के लिए पुलिस की टीम रवाना होकर गवाहो को साथ में लेकर मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर रेड कार्रवाई कर आरोपी रामअवतार साहू को थैला में शराब रखे हुए पकड़ा। आरोपी को शराब रखने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस ▶▶ शेष पेज 13 पर

# आदि कर्मयोगी अभियान में होगा आम लोगों की समस्याओं का निराकरण

## जिले की 46 पंचायतों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के आदिवासी बाहुल्य 46 ग्राम पंचायतों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पखवाड़ा चलाया जाएगा। इसमें विभागीय अधिकारी -कर्मचारी द्वारा लोगों की समस्या एवं शिकायतों का निरकारण करने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को जिला स्तरीय कार्यशाला में ऑनलाइन माध्यम से अभियान के सम्बन्ध में जरूरी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि सभी सम्बधित विभाग योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ पहुंचाने मिशन मोड़ में काम करें। फिल्ड में कर्मचारियों की मौजूदगी हो। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करें। स्व सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ें।

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विकास कार्य तीन स्तर पर किया जाएगा, जिसमें पहला आदि कर्मयोगी तैयार करना है। इसमें प्रशासनिक अमले से जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। दूसरे क्रम में आदि सहयोगियों की टीम बनाई जाएगी। आदि सहयोगी ग्राम स्तर पर कार्य करेंगे, जिसमें शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, युवा नेता, सामाजिक मुखिया जैसे व्यक्ति ग्राम के विकास की ▶▶ शेष पेज 13 पर



### 46 पंचायतों के हितग्राहियों का चिन्हाकन किया गया

बताया गया कि जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 46 पंचायतों के हितग्राहियों का चिन्हाकन कर लिया गया है। इसके साथ ही इन ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव का ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी कराया गया है। अभियान के तहत प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केंद्र स्थापित किये जाएंगे, जो शासकीय सेवाओं की प्रदायगी एयर जनभागीदारी को बढ़ावा देने का केंद्र बनेंगे। चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, एनजीओ, स्वयंसेवी संगठन और युवाओं को शामिल किया जाएगा।

## दूसरे व्यक्ति से प्रेम संबंध होने पर दिया घटना को अंजाम और शव को शिवनाथ नदी में फेंका

# पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

ग्राम धुर्राबांधा में पत्नी की चाकू से गले में वार कर हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किसी अन्य युवक के साथ प्रेम संबंध होने से क्षुब्ध एवं व्यथित होकर आरोपी द्वारा घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने पत्नी की हत्या कर शव को शिवनाथ नदी में फेंक दिया था।

ग्रामीण थाना में संगीता निषाद 22 वर्ष निवासी ग्राम धुर्राबांधा के गुमने की रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी। विवेचना के गुम इंसान का शव नदी में मिलने पर थाना पचपेड़ी बिलासपुर में मर्ग पंजीबद्ध कर जांच कार्रवाई में लिया गया। मामले के संबंध में एडीशनल एसपी हेमसागर सिदार ने बताया की जांच के दौरान मृतिका की माता, भाई एवं अन्य परिवारजनों द्वारा अपने अपने कथन में मृतिका को उसके पति एवं उसके परिवार द्वारा अनहोनी होने का संदेह व्यक्त किया था। साथ ही मर्ग जांच पर प्रथम दृष्टिया मृतिका की हत्या करना प्रतीत हो रहा था।

ग्रामीण थाना टी.आई. लखेश केंवट द्वारा जांच एवं विवेचना कार्रवाई प्रारंभ की गई। मृतका के परिजनों के बयान तथा मर्ग जांच पर से पुलिस टीम द्वारा मृतिका के पति संजू निषाद 21 साल निवासी ग्राम धुर्राबांधा थाना भाटापारा ग्रामीण को हिरासत में लिया, जिसने अपनी पत्नी संगीता निषाद की हत्या करना स्वीकार करते हुए बताया कि मृतिका के साथ प्रेम संबंध होने से वर्ष 2024 में उसके साथ प्रेम विवाह हुआ था। विवाह पश्चात मृतिका संगीता का किसी अन्य युवक के साथ प्रेम संबंध हो गया तथा वह उसके साथ भाग गई और गर्भवती भी हो गई।



### मोटरसाइकिल जब्त की गई

इस बात से परेशान एवं व्यथित होकर आरोपी पति द्वारा अपनी पत्नी संगीता को जान से मारने की नीयत से 18 अगस्त की रात करीबन 11.30 बजे मृतिका को बहला फुसलाकर घर के सामने गली में ले जाकर मुंह को बंद कर गले को चाकू से काटकर हत्या कर दिया, फिर शव को रस्सी से बांधा और बोरे में भरकर मोटरसाइकिल से ग्राम धुर्राबांधा से अमलडीहा शिवनाथ नदी पुल में शव को फेंक दिया। प्रकरण में आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 22 एम 2932 जब्त की गई है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# करंट लगने से ठेकेदार के कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

विद्युत विभाग डिविजन गिधौरी के अंतर्गत ठेकेदार का कर्मचारी संत प्रधान पिता मिट्टू प्रधान 37 वर्ष ग्राम कुम्हारी निवासी ग्राम नवीन अमलीडीह में विद्युत ट्रांसफार्मर सुधार कार्य कर रहा था, दौरान करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह ग्राम नवीन अमलीडीह में ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना पर ठेकेदार ने अपने कर्मचारी संत प्रधान एवं उनके साथी सुनील पिता दशरथ को विद्युत सुधार कार्य के लिए ग्राम नवीन अमलीडीह भेजा था। विद्युत खंभे पर चढ़कर संत प्रधान फाल्ट देख रहा था कि अचानक हाथ बुस पर पड़ गया और करंट के चपेट में आने से युवक बेहोशी के हालत से जमीन के नीचे गिर गया।आनन-फानन में ग्रामीणों ने लाइनमैन ओमप्रकाश को बुलाया और संत प्रधान को एम्बुलेंस से बिलाईगढ़ अस्पताल ले जाया गया,जहां डाक्टरों ने संत प्रधान को जांचकर मृत घोषित कर दिया। लाईनमैन ओमप्रकाश ने बिलाईगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। इधर विद्युत ठेकेदार द्वारा मृतक के परिजनों 25 हजार की सहायता राशि तत्काल दी गई। इस घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई। ग्राम कुम्हारी में इस बड़ी दुखद घटना से गांव में शोक है। ग्रामीणों एवं परिजनों ने विद्युत विभाग को मुआवजा राशि देने की मांग की है।



■ पुलिस ने पंचनामा कर जांच में लिया



## खबर संक्षेप



### नुआखाई पर्व पर अवकाश मिलने पर मुख्यमंत्री और विधायक का जताया आभार

**रायपुर।** ओडिया समाज और उत्कल समाज द्वारा नए फसल की खुशी में हर साल नुआखाई पर्व पूरे छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया जाएगा। ओडिया समाज और उत्कल समाज के लोग सामाजिक एकता, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देंगे। इस मौके पर समाज सेविका व महिला नेत्री सावित्री जगत ने नुआखाई पर्व पर अवकाश मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा का आभार जताया। श्रीमती जगत ने बताया कि बुजुर्गो एवं समाजिक मानयताओ के अनुसार नुआखाई से हमें नया जीवन मिलता है हमें हर वर्ष नुआखाई से नया शुरुआत करनी चाहिए, नुआखाई उत्कल समाज का एक सामाजिक माह पर्व है, जिसमें नई फसल मुख्य रुप से है। उन्होंने कहा कि नई फसल मुख्य रुप धान की नई फसल और अन्य चिवड़ा, मूंग, पीठा कर अपने देवी-देवता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की दुआ मांगते हैं।

### सेजबहार सोसाइटी में किया पौधारोपण



**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था के सहयोग से रेसिडेंट कोऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस 2 सेजबहार रायपुर में सोसाइटी परिसर में पौधारोपण किया गया। परिसर में नीम, जामुन, कटहल, कदंब, महुआ, आंवला इत्यादि के लगभग 500 पौधे रोपे गए। इस दौरान ग्रीन आर्मी संस्था व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस 2 सेजबहार से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### नुआखाई कृषि परंपरा का उत्सव, भारतीय संस्कृति की धरोहर : नायक

**रायपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानु नायक ने कहा, नुआखाई का भारत की सांस्कृतिक विरासत में कृषि पर्वों का विशेष स्थान है। यह एक ऐसा उत्सव है जो न केवल ओडिशा और छत्तीसगढ़ की सीमाओं तक सीमित है, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय कृषि संस्कृति का प्रतीक है। आज प्रदेश में यह पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। नुआखाई पर्व पर नया धान और नवान्न सबसे पहले अपने अपने ईष्ट देवी-देवताओं को अर्पित करते हैं और फिर परिवार के साथ उसका भोग लगाते हैं। लाखों की आबादी वाला उड़िया समाज मेहनत, मज़दूरी और संघर्ष कर अपना जीवन यापन करता है। यह अपने पूर्वजों के द्वारा दी गयी भारतीय संस्कृति की धरोहर नुआखाई पर्व को वह धूमधाम से मनाते हैं। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, गरियाबंद, महासमुन्द, रायगढ़, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा, धमतरी और बस्तर के क्षेत्रों में उत्साह से मनाया जाता है। सरकार द्वारा इस पर्व को स्थानीय अवकाश दिए जाने से स्थानीय समुदायों को अपनी परंपराओं को पूर्ण उत्साह के साथ मनाने का अवसर मिला है।

### गणेश वर्कशॉप में 40 बच्चों ने लिया भाग



**रायपुर।** स्नेह 'एलवायटी' फ़ाउंडेशन की ओर से बुधवार को गणेश वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। इस वर्कशॉप में बच्चों ने मिट्टी से अपने हाथों से गणेश प्रतिमाएं बनाना सीखा। बच्चों में इस रचनात्मक कार्य के प्रति अद्भुत उत्साह देखने को मिला। कार्यशाला का संचालन रुचि लोहिया द्वारा किया गया तथा सहयोगी टीम में प्रज्ञा, श्वेता, निकिता पाठक, मुनमुन और नम्रता शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को नाश्ते में समोसा और फ्रूटी वितरित किए गए।

# ट्रेन का जनरल टिकट मिलेगा मिनटों में, मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन में यात्रियों को जनरल टिकट बनाने के लिए टिकट काउंटर की लंबी लाइनों में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बुधवार से स्टेशन पर यात्रियों के लिए तत्काल जनरल टिकट बनाने की नई आधुनिक मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की शुरुआत कर दी गई है। इस नए आधुनिक सिस्टम से स्टेशन पर टीटीई मिनट भर में हाईटेक तरीके से यात्रियों का जनरल टिकट काटेंगे।

बता दें कि राजधानी के रेलवे स्टेशन पर यात्री अनारक्षित टिकट काउंटर पर रोजाना लंबी लाइन पर लग कर जनरल टिकट बनाने की असुविधा से जूझते रहे हैं। स्टेशन पर रेल यात्रियों की इस समस्या से जुड़े मामले को हरिभूमि समाचार पत्र लगातार प्राथमिकता से प्रकाशित करता रहा है। अब चूंकि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल ने स्टेशन पर यात्रियों के लिए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग की आधुनिक सेवा की सुविधा उपलब्ध कराई है, तो निश्चित ही इससे यात्रियों को जनरल टिकट बनाने के लिए काउंटर के सामने लंबी कतार से राहत मिलेगी। इसके साथ ही रेल यात्रियों की समय की बचत के अलावा जनरल टिकट बनाने के दौरान ट्रेन छूटने की झंझट से भी निजात मिलेगी। स्टेशन पर मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की शुरुआत पर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों का जनरल टिकट अब टीटीई बनाएंगे। इससे टिकट बनाने यात्रियों को ना लंबी लाइन की झंझट रहेगी, ना ही घंटों इंतज़ार करना पड़ेगा।

यात्रा के दौरान टीटीई हाथों-हाथ सीधे यूटीएस टिकटिंग मशीन से टिकट बनाकर यात्रियों को उपलब्ध कराएगा, जिससे यात्रा सरल और तेज बनेगी। यह भी कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से टिकटिंग प्रणाली में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर रायपुर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद भी उपस्थित रहे।

### मोबाइल यूटीएस मशीन से 3 मिनट में यात्रा टिकट मिलेगा

टीटीई स्टेशन परिसर में मोबाइल यूटीएस मशीन द्वारा 3 मिनट के भीतर यात्रियों को टिकट उपलब्ध करा सकेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों से आग्रह किया है कि यात्री अधिक से अधिक डिजिटल भुगतान को अपनाकर रेलवे की इस नवीन पहल का लाभ उठाएं और रेलवे को अधिक स्मार्ट और सुविधाजनक बनाने में सहयोग करें। इन मशीनों से इन माध्यमों से टिकट बुक कर टिकट काउंटर में लगने वाली लाइन से निजात पाएं और अपना कीमती समय बचाकर सुहाने सफर का लाभ उठाएं।



*स्टेशन पर डीआरएम ने सेवा का किया शुभारंभ : स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक दयानंद द्वारा मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा का शुभारंभ किया गया। डीआरएम ने 5 नए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीन टीटीई स्टाफ को सौंपी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि यह मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं की कड़ी में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे स्टेशन के यात्रियों को यात्रा के दौरान तत्काल टिकट प्राप्त करने में आसानी होगी। इसी तरह आने वाले समय में इन मशीनों की संख्या में और इजाफा किया जाएगा। साथ ही यात्रियों के लिए लगातार रेलवे की ओर से आधुनिक सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है। स्टेशन पर मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा से अब टीटीई यात्रियों के लिए सीधे मोबाइल से टिकट बना सकेंगे। इससे टिकट काउंटर पर लंबी कतारों से राहत मिलेगी। इससे यात्रियों का सफ़र सुविधाजनक बनेगा।*

- डीआरएम ने 5 नए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीनें स्टेशन टीटीई स्टाफ को सौंपी, यात्रियों को टिकट काउंटर की लंबी लाइन से मिलेगी राहत

**डाग बाइट की घटना घटी, निगम बेसुध**

### आवारा कुत्तों ने उनके बेटे विवेक यादव को नोचकर जख्मी कर दिया

# आवारा कुत्ते से बचाने गए छोटे भाई पर भी किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मोवा इलाके में मंगलवार सुबह आवारा कुत्ते के हमले से घायल मासूम विवेक यादव को बचाने गए उसके छोटे भाई पर भी खूंखार कुत्तों ने हमला किया था। पिता रामेश्वर यादव अपने दोनों बच्चों को लेकर सुबह बाजार जा रहे थे, तभी घटना हुई।। इस दौरान पहले विवेक को आवारा कुत्ते ने काटा, दूसरे भाई ने किसी तरह उसे भगाया। इस दौरान छोटे भाई पर आवारा कुत्ते ने हमला किया।

दरअसल, बलौदाबाजार के ग्राम लटेवा के रहने वाले रामेश्वर यादव पिछले पांच साल से अपने परिवार के साथ रोजी-मजूरी करने रायपुर आए हैं। वे डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के मोवा स्थित राममंदिर पुरानी बस्ती के पास किराये के मकान में रहते हैं। मंगलवार सुबह वे अपने दो बच्चों के साथ बाजार जाने निकले थे, तभी अचानक आवारा कुत्तों ने उनके बेटे विवेक यादव को नोचकर जख्मी कर दिया।

इस गरीब परिवार का हालचाल जानने अब तक न तो नगर निगम के अधिकारी आए, न ही क्षेत्र के जन -प्रतिनिधि। यहां तक कि संबंधित जोन के अधिकारी भी भुक्तभोगी परिवार के बीच नहीं पहुंचे हैं। 5 वर्षीय बालक विवेक यादव के गाल, हाथ और पीठ वाले हिस्से को आवारा कुत्ते ने हमला कर जगह - जगह-जगह से नोचा है। प्रभावित परिवार ने हरिभूमि को बताया कि जिला अस्पताल वालों ने रेबीज टीके का दूसरा डोज लगाने 28 अगस्त को अस्पताल बुलाया है। इसी तरह 1 सितंबर को तीसरा डोज और 2 सितंबर को रेबीज का चौथा डोज लगवाने के लिए आने कहा है।

### निगम ने अब तक नहीं ली सुध

- समाचार पढ़कर भुक्तभोगी पिता से मिलने पहुंचे पार्षद आकाश तिवारी, कहा- कठोर कदम उठाने की जरूरत



### जल्द शुरू होगा डॉग शेल्टर

मोवा क्षेत्र में हुई डॉग बाइट की घटना वाकई चिंतनीय है। सोनडोंगरी में नवनिर्मित डॉग शेल्टर को जल्द शुरू किया जाएगा। आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर सर्जरी करने वाली टीम को बढ़ाएंगे, ताकि डाग बाइट की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

**- मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

### *यादव परिवार के बीच पहुंचे आकाश तिवारी*

*बुधवार को इस घटना की खबर समाचार पत्र में पढ़ने के तत्काल बाद नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी यादव परिवार से मिलने पहुंचे और प्रभावित परिवार के बच्चे का दर्द बांटने का प्रयास किया। साथ ही जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही कराने की बात कही। आकाश तिवारी ने परिवार वालों से पूछा कि क्या अभी तक नगर निगम से कोई उनके पास पहुंचा है? जवाब मिला कोई भी हमसे मिलने नहीं आया, न ही बच्चे का हालचाल पूछा। आकाश तिवारी ने कहा कि इतनी बड़ी घटना हो गई और निगम प्रशासन ने सुध तक नहीं ली, यह समझ से परे है। गरीब परिवार के साथ हुई घटना को लेकर दलगत राजनीति से उठकर सोचने की जरूरत है। इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। आकाश तिवारी ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया है, उनको किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत है, तो वे उसके लिए हमेशा हरसंभव मदद के लिए तैयार हैं।*

### निदान 1100 में आवारा कुत्तों की शिकायत, 15 को पकड़ा, कराई सर्जरी



**रायपुर।** मोवा क्षेत्र में मंगलवार को 5 वर्षीय बालक विवेक यादव पर आवारा कुत्तों के हमले की खबर के बाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई है। जन शिकायत की ऑनलाइन प्रणाली निदान 1100 में मोवा, अंवतिविहार, शंकरनगर, चंगोराभाठा क्षेत्र से आवारा कुत्तों को पकड़ने लोगों ने शिकायत की। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने डॉग केचर भेजकर 15 आवारा कुत्तों की इन क्षेत्रों में धरपकड़ की। पकड़े गए कुत्तों को डॉग केचर वाहन की सहायता से शासकीय पशु चिकित्सालय बैरनबाजार ले जाया गया, जहां पशु चिकित्सकों के मार्गदर्शन में उनकी सर्जरी कराई गई। शहर में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने अब अलग-अलग इलाकों से फोन कर ऑनलाइन शिकायत करनी शुरू कर दी है। पिछले 1 माह में शहरभर से 611 शिकायतें लोगों ने निदान 1100 में आवारा कुत्तों को पकड़ने की है। इसमें 431 शिकायतों का समय रहते निराकरण हुआ, वहीं 161 शिकायतें ऐसी भी रहीं, जिसमें शिकायतकर्ता को समय पर रिस्पांस नहीं मिला। 16 स्पॉट पर स्वास्थ्य विभाग के डॉग केचर की टीम आज तक कुत्ता पकड़ने नहीं पहुंच पाई।

- मोवा, अवंतिविहार कोटा, शंकरनगर चंगोराभाठा से मिली शिकायत

### निगम के को-वर्किंग स्पेस में होगा स्टार्टअप फाउंडर्स मीट-अप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- सुमित श्रीवास्तव होंगे मुख्य वक्ता

राजधानी रायपुर में स्टार्टअप ईको सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए रायपुर नगर निगम और बिजनेस गृह के संयुक्त तत्वावधान में स्टार्टअप फाउंडर्स मीट-अप का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 6 सितंबर को शाम 4 से 6 बजे तक संचालित होगा। भाठागांव के इंटर स्टेट बस टर्मिनल परिसर स्थित नगर निगम के को-वर्किंग स्पेस सेंटर में कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम में देश के जाने-माने स्टार्टअप विशेषज्ञ और स्टार्टअप चौपाल के फाउंडर सुमित श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वे स्टार्टअप जगत में कई शुरुआती उद्यमियों को निवेश और मार्गदर्शन प्रदान कर चुके हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सफल स्टार्टअप की नींव कैसे रखें, उद्यमियों के लिए फंडिंग और निवेश के अवसर तथा टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टार्टअप्स की संभावनाएं विषय की सारगर्भित जानकारी दी जाएगी।

### नरेन्द्र मोदी विचार मंच छत्तीसगढ़ की बैठक हुई

**रायपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण फोरम नरेन्द्र मोदी विचार मंच का 26 अगस्त को रावाभाठा में बैठक आयोजित की गई। जहां प्रदेश अध्यक्ष पदमा चन्द्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि नरेन्द्र मोदी विचार मंच में 28 प्रकोष्ठ है और जल्द हीं सभी जिले के कार्यकारणी का गठन कर लिया जाएगा। साथ ही बैठक में अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इस बैठक के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कुन्दन शर्मा, मोनू भाटी, मनोहर साहू, अश्वनी पटेल, सुभाष तिवारी, प्रतिभा पाण्डेय, कन्हैया पटनिहा, नीरज पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## विभागीय चेतावनी के बाद उग्र हुए हड़ताली राजधानी में बड़े धरना-प्रदर्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- पीपीई किट पहनकर किया प्रदर्शन
- 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होता उनका आंदोलन अनवरत जारी रहेगा
- 20 माह के कार्यकाल में 150 से अधिक बार आवेदन और निवेदन देने के बावजूद, सरकार ने नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी फाइलों को रोककर रखा है

स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की मिली चेतावनी के बाद एनएचएम के कर्मचारी आक्रोशित हो गए हैं। उनके द्वारा राजधानी में उग्र प्रदर्शन की तैयारी की जाएगी। अपने अनोखे अंदाज में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने पीपीई किट पहन भीख मांगकर प्रदर्शन किया।

एनएचएम के कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी 10 में से 5 मांगें पूरी होने का दावा कर रही है, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह किया और मंत्री ने बिना किसी आदेश के गलत बयान दिया है। संघ इस धोखे के विरोध में आंदोलन को और उग्र करने की तैयारी में है। पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होता उनका आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। उनके हड़ताल की वजह से शासकीय अस्पतालों के ताले लगे हुए हैं। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं।

अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है और जीवन दीप समिति के कर्मचारियों पर ड्यूटी का दबाव डाला जा रहा है, जो बिना उचित प्रशिक्षण के केवल सहयोगी भूमिका निभाते हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी और प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि 20 माह के कार्यकाल में 150 से अधिक बार आवेदन और निवेदन देने के बावजूद, सरकार ने नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी फाइलों को रोककर रखा है।

## डेढ़ करोड़ का गार्डन बनकर तैयार, सितंबर से लोगों को मिलेगी मनोरंजन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आरटीओ ऑफिस के पास बिरगांव निगम क्षेत्र में पहला गार्डन बनकर तैयार है। सितंबर में रावांभाठा, कैलाश नगर, बंजारी नगर और डीएम टॉवर जैसी पॉश कॉलोनी में रहने वाले लोगों को भी गार्डन में मॉर्निंग वॉक और मनोरंजन की नई सुविधा मिलने वाली है। इस गार्डन का रखरखाव और संचालन करने के लिए निगम ने जिम्मेदारी तय करने का निर्णय लिया है। इस तरह की व्यवस्था लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए है।रावांभाठा क्षेत्र के लोगों को मनोरंजन की नई सुविधा देने की कवायद अब रंग लाने वाली है। इस सुविधा के लिए निगम ने शासन से मंजूरी मिलते ही निर्माण एजेंसी से काम शुरू करवाया था। आरटीओ कार्यालय के पास 1.56 करोड़ में लोगों को मॉर्निंग वॉक की नई सुविधा देने के लिए प्रस्तावित गार्डन बनकर तैयार है। एजेंसी ने जमीन समतल करने के बाद काम शुरू किया और तय समय पर इस प्रोजेक्ट को पूरा किया है। इसके चलते हर्षित विहार क्षेत्र के लोगों को भी मनोरंजन की सुविधा के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा। गार्डन के आसपास खान-पान के लिए स्पाट विकसित होगा। इससे परिवार के साथ घूमने आने वाले लोगों को बेहतर माहौल मिलेगा। गार्डन को उपद्रवी तत्वों से बचाने के लिए सुरक्षा इंतजाम भी किए जाएंगे।

### *हरियाली के लिए निगम ने रोपे पौधे*

*निगम ने जिस स्थान पर गार्डन विकसित किया है, वहां हरियाली के लिए पेड़-पौधे भी रोपे गए हैं। बरसात में विभिन्न तरह के पौधे रोपने से अब हरियाली भी बिखरने लगी है। काली मिट्टी डालने का काम पूर्व में किया गया था। सालभर पहले रोपे गए सैकड़ों पौधे अब आकार लेने लगे हैं। आगामी महीने में घूमने-फिरने की सुविधा देने की तैयारी है। सुबह गार्डन में पहुंचने वालों के लिए पाथवे निर्माण और योगाभ्यास के लिए योग स्थल भी बनवाया गया है। यहां सुबह और शाम को घूमने पहुंचने वाले लोगों को सेहत बनाने के लिए नई सुविधा मिलने वाली है।*

- बिरगांव निगम क्षेत्र की जनता को सितंबर में आरटीओं कार्यालय के पास मिलेगी सौगात



### जल्द लोगों को मिलेगी नई सुविधा

गार्डन का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसका उद्घाटन करने के लिए डिप्टी सीएम अरुण साव और ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से समय मिलने पर आगे की प्रकिया करेंगे। गार्डन की देखभाल करने के लिए वहां कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### पहले गार्डन में मिलेगी यह सुविधा

ट्रांसपोर्ट नगर में लोगों की मांग पर निगम ने गार्डन बनवाने की प्रक्रिया शुरू की थी। गार्डन बनाने से पहले बाउंड्री बनाने के बाद आने-जाने के लिए दो आकर्षक गेट बनाए गए हैं। इसके बाद गार्डन में पौधा रोपण, पेवर, घूमने आने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की गई है। स्ट्रीट लाइट का काम भी कुछ दिनों में एजेंसी को पूरा करने कहा गया है। गार्डन को निगम ने समय पर पूरा करने का प्रयास किया। निगम सूत्रों ने बताया कि डिप्टी सीएम एवं विभागीय मंत्री अरुण साव से उद्घाटन के लिए समय मिलते ही सितंबर में लोगों को नई सुविधा मिलेगी।

## आउटर वार्ड के नए इलाकों में शुरू होगा डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन, रामकी ने 10 नई गाड़ियों का दिया आर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- ठेका एजेंसी करा रही सर्वे, 15 सितंबर तक आएगी रिपोर्ट
- निगम को यूजर चार्ज से होगी अतिरिक्त आय

शहर के आउटर स्थित वार्डों में तेजी से हो रहे नए निर्माण और आवासीय कालोनी से नगर निगम डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था देगा। इसके लिए शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी एजेंसी आउटर इलाके का सर्वे करा रही है। इसकी रिपोर्ट 15 सितंबर तक प्राप्त होगी। रामकी कंपनी ने नए इलाकों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन करने 10 नई गाड़ियां खरीदने आर्डर दिया है। इससे न केवल शहर के आउटर वार्ड में सफाई का दायरा बढ़ेगा, साथ ही यूजर चार्ज के रूप में नगर निगम को अतिरिक्त आय मिलने लगेगी।

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में निकलने वाले कूड़ा के डोर टू डोर कलेक्शन, परिवहन और सकरी स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में वैज्ञानिक तरीके कचरे का निष्पादन करने वाली अनुबंधित एजेंसी रामकी अब आउटर में तेजी से बन रही कालोनी, रहवासी इलाकों का सर्वे करा रही है। एक महीने से चल रहे सर्वे की रिपोर्ट 15 सितंबर तक मिलेगी।



रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार ने हरिभूमि को बताया कि आउटर के इलाकों में सफाई का दायरा बढ़ाने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नए इलाकों का सर्वे कराया जा रहा है। इन इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य के लिए 10 अतिरिक्त सफाई वाहन की जरूरत होगी। इसके लिए 10 नई गाड़ियों का आर्डर दिया है।

### शहरभर में 256 सफाई वाहन, रोज निकल रहा 570 मीट्रिक टन कचरा

वर्तमान में नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रामकी एजेंसी ने 256 सफाई वाहन की व्यवस्था की है। इसके अलावा 35 गाड़ियां रिजर्व के रूप में सुरक्षित रखी गई हैं। ठेका एजेंसी प्रतिदिन शहरभर से 570 मीट्रिक टन सूखा और गीला कचरा कलेक्शन कर सकरी स्थित लैंडफिल साइट पहुंचाती है। इसके अलावा नवा रायपुर से भी रोजाना 12 टन कूड़ा वहां की गाड़ियों में भरकर रामकी के पास पहुंच रहा है। आने वाले दिनों में शहर के आउटर इलाके से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किए जाने पर शहरभर से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा की मात्रा और अधिक बढ़ेगी।

## आरबीआई की ब्याज दर कटौती का लाभ व्यापार और उद्योग वर्ग तक पहुंचाने किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कैट के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में बुधवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने श्री चौधरी से आरबीआई की ब्याज दर कटौती का लाभ व्यापार एवं उद्योग वर्ग तक त्वरित पहुंचाने के लिए अनुरोध किया।

श्री पारवानी ने बताया, वित्तमंत्री ओपी. चौधरी से मुलाकात कर पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पिछले कुछ महीनों में रेपो रेट में कुल 1 प्रतिशत यानी 100 बेसिस पाइंट की कमी की गई है। इन कदमों का उद्देश्य ऋण लेने की लागत को कम करना था, पर बैंकों ने अब तक इन लाभों को व्यापार एवं उद्योग को ब्याज दरों में कटौती के रूप में पूर्ण लाभ प्रदान नहीं किया है। नकद आरक्षित अनुपात में 1 फीसदी की कमी से बैंकिंग प्रणाली में करीब 2.50 लाख करोड़ की अतिरिक्त तरलता आई है। इस तरलता का लाभ भी व्यापार एवं उद्योग तक पहुंचना चाहिए था, किंतु ऋण ब्याज दरों में इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। अमर पारवानी ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से कहा है, हमें विश्वास है कि आपके त्वरित हस्तक्षेप से न केवल व्यापारी वर्ग को राहत मिलेगी, बल्कि प्रदेश की जीडीपी, व्यापार विस्तार एवं रोजगार सृजन में भी तेजी आएगी।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बड़गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हिंरौदी ने बताया कि 27 अगस्त की शाम 4 बजे उसका देवर मुकेश निषाद पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहा था। जिसे देख मेरा लडका छत्रपाल निषाद वहां पर आया और बीच बचाव का प्रयास किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बिरकोनी में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा गणपति उत्सव

**बिरकोनी।** 10 दिवसीय गणेशोत्सव में दिनभर प्रथम पूजनीय के भजन गूंज रहे हैं। गणपति उत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। पंडाल के अलावा घरों में भी विराजित गणपति की भक्ति में श्रद्धालुजन लीन है। परिवार के साथ श्रद्धालु भाग्य विधाता गणपति महाराज की स्तुति कर रहे है। पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर गणेश की वंदना कर रहे है। जिससे पूरा वातावरण गणेश उत्सव हो गया है। गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होकर 10 दिनों तक अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति विसर्जन होगा। ग्राम के अनेक स्थानों पर एक से बढ़कर एक सुंदर आकृति और आकार की गणेश प्रतिमाएं विराजित की गई है। पंडालों में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है।

### खरोरा में गणेश प्रतिमा की स्थापना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुड़ी चौक में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि गणेश चतुर्थी का पर्व मुख्य रूप से भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन गणेश जी का प्राकट्य हुआ था। गणेश चतुर्थी की पूजा की अवधि अनंत चतुर्दशी तक चलती है। धर्म में गणेश चतुर्थी का खास महत्व होता है।

### 12 को रोजगार मेला 2000 पदों पर होगी भर्ती

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 सितम्बर 2025 को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, मार्केटिंग, बीमा एजेंट, बीमा सखी, ग्रामीण बैंक मित्र, बैंक रिलेशनशिप मैनेजर, सहित विभिन्न पदों के लिए लगभग 2000 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी।

## पेज 11 के शेष

### आदि कर्मयोगी अभियान...

रूपरेखा व्यक्तिगत मूलक, पारिवारिक मूलक एवं सामुदामूलक अनुसार तैयार करेंगे। तीसरे क्रम पर आदि साथी होंगे, जिन्हें योजनाओं का लाभ दिया जाना है। उल्लेखनीय है कि जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पिछड़े और जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के कार्य को नई दिशा देने हेतु एक नई पहल की गई है जिसे आदि कर्मयोगी अभियाननाम दिया गया है।कार्यशाला में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ ऑनलाइन जुड़े थे।

### 40 पौवा शराब ...

दिया गया, जो कोई कागजात पेश नहीं करने पर आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी मदिरा मसाला, कीमत 4000 रुपए को गवाहों के समक्ष जब्त किया गया है। आरोपी के विरूध्द अपराध घटित करना साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# बस्ती किनारे ईंट भट्ठे से प्रदूषण व बीमारी फैलने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

तहसील अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में बस्ती के पास ईंट भट्ठों के संचालन से ग्रामीण परेशान हैं। इसके खिलाफ शिवसेना ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने बताया कि गांव के नजदीक ईंट भट्ठों से उठने वाले धुएं, राखड़ और प्रदूषण से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। ईंट भट्ठा आवासीय क्षेत्र के पास स्थित होने से क्षेत्रवासियों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं। ईंट भट्ठे से निकलने वाला धुआं हवा में जहर घोलता है। इनके द्वारा ईंट भट्ठे के लिए मिट्टी खुदाई से खेत बंजर हो रहे हैं। अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठे पर कोई कार्रवाई नहीं होने से अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार बेखौफ चल रहा है। इससे शासन प्रशासन को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व की हानि हो रही है। अवैध ईंट भट्ठों पर न तो प्रशासनिक लगाम लग पा रहा है और न ही किसी तरह रायल्टी वसूली हो पा रही है। जब से शासन के द्वारा पीएम आवास की लिस्ट जारी की गई है तभी से ईंट का कीमत आसमान छू रहा है, इस कारण पीएम आवास के हितग्राही खरीद नहीं पा रहे। हथबंद में बस्ती से लगे हुए स्थान पर अवैध भट्ठा संचालित हो रहा है। इसी मार्ग से बच्चे स्कूल आना जाना करते हैं।

### शिवसेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



#### आवागमन करने वालों को होती है परेशानी

प्रशासन द्वारा भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं। ग्राम हथबंद सहित धोधा, केसली, केसदा, लावर, मोहभट्ठा, मनोहरा, सीतापार, दरचूरा, खपरी आदि में सड़क से महज 50 मीटर की दूरी पर भट्ठे लगाए गए हैं, जिससे आवागमन करने वालों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में उचित कार्रवाई नहीं होने की दशा में शिवसेना क्षेत्रवासियों के साथ विरोध प्रदर्शन करने की बात कही गई है। इस दौरान प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, भाटापारा विधानसभा सचिव आत्माराम नेताम, लावर ग्राम अध्यक्ष भानु नेताम, उत्तम नेताम, भुवनेश्वर ध्रुव, प्रवीण यादव, पंकज ध्रुव, करन चक्रधारी आदि शिवसैनिक उपस्थित थे।

### मांग : अधिकारियों ने नहरों में पानी छोड़ने दिया आश्वासन

# विधायक साहू किसानों के साथ पहुंचे सिंचाई विभाग, नहर से पानी देने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन



कसडोल विधायक संदीप साहू ने गुरुवार को अपने क्षेत्र के सैकड़ों किसानों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बलौदाबाजार पहुंचकर कलेक्टर के प्रतिनिधि एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कसडोल विधानसभा क्षेत्र की नहरों में पानी की विकराल समस्या से अवगत कराते हुए किसानों की कठिनाइयों को अधिकारियों के सामने रखा।

विधायक साहू ने कहा कि नहरों से पर्याप्त पानी उपलब्ध न होने के कारण किसान सिंचाई से वंचित हैं और धान की फसल सूखने की स्थिति में पहुंच चुकी है। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही पानी की आपूर्ति नहीं की गई तो क्षेत्र में किसानों की मेहनत पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने कहा नहर में कई जगह जल कटाव की स्थिति निर्मित है जिसे नियमित निरीक्षण कर विभाग के कर्मचारियों को लगाने निर्देशित किए । वहीं लवन, कसडोल और पलारी क्षेत्र के किसान एवं ग्राम ताराशिव, डमरू, कसियारा, नयापारा सहित विभिन्न गांवों के सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों ने भी विधायक के समक्ष अधिकारियों के सामने अपनी अपनी बात रखी।

इस दौरान अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि नहरों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और जल्द ही किसानों की दिक्कतें दूर की जाएंगी। ज्ञात हो कि लवन शाखा एवं टेल एरिया तक नहर का पानी न पहुंच पाने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में धान की फसलें पूरी तरह सूख चुकी हैं और खराब होने की कगार पर हैं किसान आशंकित हैं कि यदि समय रहते पानी नहीं मिला तो व्यापक स्तर पर फसलें नष्ट हो जाएंगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस किसान नेता सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, रोहांसी नगर पंचायत अध्यक्ष नन्देस्वर साहू, ज़िला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, कांग्रेस नेता अश्विनी बंजारे, रामेश्वर पांडे, नीलू चंदन साहू, प्रेमलता बंजारे, दीपक ध्रुव, सतीश पांडे, योगेश बंजारे, गायत्री कैवर्त्य, यशवंत बांधे, रामचंद पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, प्रताप डहरिया, अजय बार्वे, गजेंद्र साहू, उत्तम साहू, जंतराम निषाद, पीतांबर साहू, रामलाल कुर्रे, कलिराम पटेल, बंशी साहू सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गोपालपुर में यूरिया की किल्लत और बदहाल नहरें



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

क्षेत्र के किसान इन दिनों गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसमें यूरिया खाद की भारी कमी और सिंचाई के लिए नहरों की बदहाली प्रमुख हैं। किसानों को न केवल अपनी फसलों को बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, बल्कि उन्हें महंगे दामों पर आवश्यक चीजें भी खरीदनी पड़ रही हैं।

क्षेत्र के किसानों को यूरिया खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। जो यूरिया खाद 266 रुपये में मिलनी चाहिए, वह बाजार में 1,000 रुपये तक बिक रही है। इसके बावजूद भी यह खाद आसानी से उपलब्ध नहीं है। किसानों का कहना है कि धान की फसल में अब तना छेदक बीमारी लग गई है, जिसके लिए वे दवा का छिड़काव कर रहे हैं। ऐसे में यूरिया की कमी ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए नहरों का निर्माण तो किया गया था, लेकिन मरम्मत के अभाव में ये नहरें अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी हैं। किसानों के अनुसार, नहरों का नामोनिशान तक मिट गया है, जिससे उनके खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों ने बताया कि वे पानी की कमी, यूरिया की अनुपलब्धता और फसलों में लगने वाली बीमारियों से परेशान हैं।

किसानों ने यह भी बताया कि गर्मी के मौसम में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में उन्होंने नहरों की मरम्मत के लिए मांग पत्र सौंपा था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस उपेक्षा के कारण किसानों में सरकार के प्रति गहरा रोष है। किसानों का कहना है कि अगर सरकार चाहती तो सिंचाई के साधन उपलब्ध करा सकती थी, जिससे उनकी परेशानियां कम हो सकती थीं।

# संस्कृत विद्वानों का विराट सम्मेलन में सीएम होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



- संस्कार परक भाषा संस्कृत शिक्षा को अनिवार्य करने करेंगे आग्रह
- 7 सितंबर को सरयूपारीण ब्राह्मण सभा भवन में होगा कार्यक्रम

राजधानी रायपुर में सरयूपारीण ब्राह्मण सभा भवन में सात सितंबर को संस्कृत भारती के तत्वावधान में संस्कृत विद्वानों का विराट सम्मेलन आयोजित किया गया है। संस्कृत छात्र संगठन के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव ने बताया कि प्रदेश में संस्कृत शिक्षा पर जोर देने, नवमी दसवीं में संस्कृत शिक्षा को अनिवार्य रखने, ग्यारहवीं, बारहवीं में संस्कृत प्रारंभ करने सभी महाविद्यालयों में संस्कृत विभाग खोलने तथा प्रदेश में संस्कृत विश्वविद्यालय खोले जाने के संबंध चर्चा करेंगे और मुख्यमंत्री से उपरोक्त समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला और संस्कृत भारती के डॉ. दादू भाई त्रिपाठी ने बताया कि उक्त सम्मेलन में प्रदेश के संस्कृत विद्वानों के अलावा अन्य प्रदेश के विद्वानों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन के कर कमलों से होगा और समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। डा. दिव्या देशपांडे, डॉ. कोमल वैष्णव, डॉ. लुनेश वर्मा, डॉ. गोपेश तिवारी, महेन्द्र वैष्णव, नरेंद्र साहू, राजेश, भगत, बहुरण सिंह पटेल, वैभव कान्हे, तारूण साहू, राजकपूर साहू, रामप्रसाद साहू, मनोज वर्मा आदि ने प्रदेश के संस्कृत शिक्षकों एवं विद्वानों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया हैं।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात

**रायपुर।** नगर निगम द्वारा शहीद स्मारक भवन को ठेके पर निजी एजेन्सियों को देने की तैयारी के विरोध में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन का प्रतिनिधि मंडल 27 अगस्त को उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मिला। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद स्मारक भवन सामान्य भवन नही है बल्कि छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मारक है। ऐसे पवित्र स्मारक को आय का स्त्रोत बनाना उन वीरों का अपमान है जिन्होंने अपार कष्ट सहते हुए देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। वहीं उप मुख्यमंत्री द्वारा इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान मंडल प्रतिनिधियों में बबीता नत्थनी, प्रभात केयूर भूषण, केके अग्रवाल, राजेन्द्र उमाठे, पीआर अहीर, चन्द्रकांत पांडे, महेश दुबे, राजेन्द्र चतुर्वेदी व प्रवीण दीक्षित शमिल रहे।

# चन्द्रनाहू कुर्मी समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



गुरुवार को चन्द्राकर समाज सिसदेवरी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्राकर, उपाध्यक्ष द्वारिका चन्द्राकर, सचिव नन्द कुमार चन्द्राकर, न्याय समिति पवन चन्द्राकर, ट्रस्ट गोकुल चन्द्राकर, शिक्षा समिति नोहर सेठ को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण से पहले आय व्यय का ब्यौरा पूर्व सचिव सी एल चन्द्राकर, पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र चन्द्राकर ने वर्तमान पदाधिकारियों को शपथ दिलायी।


कार्यक्रम में समाज को नई दिशा दिलाने तथा सामाजिक भवन पर टीन शेड लगाने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को समाज के गतिविधियों में भाग लेने प्रेरित किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्राकर ने अपने वक्तव्य में बताया कि हमारा चन्द्राकर समाज एक शिक्षित समाज है। हमारे समाज बलौदाबाजार क्षेत्र में बहुत ही कम है फिर भी सामाजिक गतिविधियों में बोलबाला रहा है। समाज द्वारा जो राशि निर्धारित की है उसे हमारे सामाजिक बंधुओं द्वारा नियत समय पर जमा की जाती है। समाज द्वारा सामूहिक चंदे से सामाजिक भवन बनाया गया है, जिसमें शासन ने अपना भी सहयोग प्रदान किया है। भवन बन जाने के कारण सामाजिक बंधुओं को शादी, मरनी, छट्ठी कार्यक्रम में सहयोग मिल रहा है। अन्य कार्यक्रमों में यह भवन दूसरे समाज के लोगों को भी दिया जाता रहा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण सामाजिक भवन में अतिरिक्त भवन की आवश्यकता बताई गई। शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित रहे।

### कार की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** पटेवा थानांतर्गत झलप के बंगलापारा स्थित अपने घर रहा एक व्यक्ति कार की ठोकर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालकके खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस न बताया कि झलप निवासी तुलसी रौतिया सामान खरीद कर वापस अपने घर जा रहा था। नेशनल हाईवे 53 मिडिल स्कूल के सामने रोड को पैदल क्रास कर रहा था, तभी पिथौरा की ओर से आ रही कार क्रमांक ओडी 14 एडी 6607 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर तुलसी रौतियाको टक्कर मार दिया। जिससे उसके सिर, दोनो हाथों में चोट आई है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 125(ए), 281बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# दतान स्कूल के छात्रों ने जाना विधिक सेवा नियम



**पलारी।** गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पैरालीगल वालेंटियर शुकदेव सेन एवं प्रीतम बंजारे द्वारा साइबर क्राइम, अपराध, बाल-विवाह, मोटर व्हीकल, साइबर टोल फ्री नंबर 1930 एवम दहेज प्रथा आदि छात्र-छात्राओं के हितार्थ विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान किया गया, जिसका छात्र-छात्राओं ने संज्ञान लेते हुए अनुकरण करने की बात कही। उक्त अवसर पर अनिता रात्रे, संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा, कमलेश कुमार साहू, अभिषेक महोबे, श्रवण कुमार साहू, प्रकाश कुमार सेन, शिव कुमार वर्मा, सुदेश विश्वकर्मा, तेजराम साहू, मधु फेकर उपस्थित रहे।

### डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में आधी रात पूरा हुआ त्वचा और नेत्रदान

# दान में मिली त्वचा संवारेगी कई जिंदगी, नेत्रों से दूर होगा दो लोगों के जीवन का अंधियारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पिता की मौत के बाद बेटे द्वारा लिए गए बड़े फैसले से कई अंजान लोगों के बुरे हादसे में मिले जख्म भरे जा सकेंगे। साथ ही उनके नेत्रों से दो लोगों के जीवन में फैला अंधकार दूर होगा। ब्रेन हेमरेज के इलाज के दौरान 77 वर्षीय वृद्ध की मृत्यु के बाद डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में मंगल-बुधवार की रात तीन बजे त्वचा और नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई।

बालोद में रहने वाले प्रहलाद चंद्राकर को 16 अगस्त को ब्रेन हेमरेज की शिकायत पर इलाज के लिए डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग में दाखिल किया गया था। नौ दिन इलाज की लंबी प्रक्रिया के बाद मंगल-बुधवार की दरम्यानी रात उनकी मौत हो गई। अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा एवं काउंसिलर मीना शर्मा ने प्रहलाद के बेटे भूपेंद्र चंद्राकर को नेत्र और त्वचा दान के महत्व के बारे समझाया। उन्हें बताया गया कि दान में मिली त्वचा उनका जीवन संवारने में मददगार होती है, जो आगजनी अथवा हादसे में अपने शरीर पर बड़ा जख्म लेकर जी रहे हैं। दान में मिली त्वचा की मदद से प्लास्टिक सर्जरी के माध्यम ने उनके जख्मों को भरा जा सकता है। इसी तरह उनकी आंखें उन लोगों को रोशनी प्रदान कर सकती हैं, जिनके जीवन में अंधेरा है। अस्पताल प्रबंधन की काउंसिलिंग से प्रेरित होकर बेटे भूपेंद्र चंद्राकर ने दुख की घड़ी में बड़ा फैसला लेते हुए पिता का नेत्र और त्वचा दान करने का फैसला लिया। उनकी सहमति के बाद रात तीन बजे डीके हास्पिटल में दान की प्रक्रिया पूरी हुई।

#### त्वचा डीके, नेत्र आंबेडकर अस्पताल में

दान की प्रक्रिया पूरी होन के बाद अलसुबह नेत्ररोग विभाग में पदस्थ संजय शर्मा से समन्वय बनाकर दान में मिली आंखें आंबेडकर अस्पताल के आई बैंक में सुरक्षित रखवाई गईं। वहीं बर्न विभाग के अध्यक्ष डा. दक्षेश शाह के निर्देश पर डॉ. प्राची ने त्वचा अस्पताल परिसर के स्किन बैंक में जमा कराई। पितृ शोक में होने के बाद भी इस दान की प्रक्रिया को पूरा करने वाले भूपेंद्र चंद्राकर और परिवार को इस सराहनीय कार्य के लिए प्रबंधन की तरफ से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# गणेश के शारीरिक आकृति के आध्यात्मिक रहस्यों को बताया

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में परमात्म महावाक्य श्रवण करने के पश्चात सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हाकुमारी प्रीति ने पूरे ईश्वरीय परिवार को 11 दिन चलने वाले विघ्नहर्ता गणेश के शारीरिक आकृति के आध्यात्मिक रहस्यों से सीख लेकर जीवन को सफल बनाने की सलाह दी। संस्थान में सिखाया जाने वाला राजयोग की शिक्षा के बल से साधारण मानव भी विघ्नहर्ता गणेश के समान पूजनीय और सममानीय बन सकता है। उनका विशाल मस्तक, विशाल बुद्धि को दर्शाता है। उनके बड़े कान केवल अच्छाई को ग्रहण करने का संदेश देता है, उनकी छोटी आंखें दूरदर्शिता का प्रतीक है। छोटा मुख कम बोलने के महत्व को बताता है, विशाल पेट समायोजन करने की क्षमता का प्रतीक है, एक दांत द्वंद से ऊपर उठकर संतुष्ट रहने की शिक्षा देता है, एक कुल्हाड़ी नकारात्मक आदतों और गलत विचारों को काटने की शक्ति का प्रतीक है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
29 अगस्त 2025
SHOW TIME
परम सुदंरी
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
दंतेला (छ.ग.)
शो समय - 12:00,3:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# महतारी मेगा हेल्थ कैंप में 800 हितग्राहियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के पर्यवेक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत महोत्सव के अवसर पर एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन, पलारी एवं भाटापारा में महतारी मेगा हेल्थ कैंम्प का आयोजन किया गया। हेल्थ कैम्प में लगभग 800 हितग्राही लाभान्वित हुए।मेगा हेल्थ कैंप में किशोरी बालिकाओं एंव महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोबिन का परीक्षण, शुगर एवं बीपी की जॉच एवं बाल मेला का आयोजन कर उपस्थित समुदाय को पोषण आहार, खान- पान के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा, लवन, पलारी की टीम शामिल हुई जिसमें टीम का नेतृत्व भाटापारा खंण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र महेश्वरी, पलारी खंण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएल ध्रुव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा महेश्वरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीतु वर्मा द्वारा किया गया। मेगा हेल्थ कैम्प में करीब 800 हितग्राही लाभान्वित हुए इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लवन शिवमंगल सिंह चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष पलारी सविता यादव, सभापति शांता साहू, परियोजना अधिकारी चन्द्रहास साहू, बिना रॉय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं सहित स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

## लवन, पलारी एवं भाटापारा में रजत महोत्सव पर हुआ महतारी मेगा हेल्थ कैंम्प एवं जागरूकता कार्यक्रम



### 3 विद्यालयों में 700 छात्रों को जानकारी दी गई

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बालिका सुरक्षा माह (14 अगस्त से 15 सितंबर) के अनुक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर, जर्वे एवं स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी में जागरूकता का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं की अपराध के प्रति संवेदनशीलता तथा लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की वर्तमान प्रासंगिकता के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही सोशल मीडिया से दुरूपयोग से बालिकाओं के जीवन में पड़ रहे दूरगामी परिणामों के बारे में विद्यालयीन छात्राओं को जागरूक किया गया। कुल 3 विद्यालयों में 700 छात्रों को उक्त जानकारी प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### मरदा में 50 लाख की लागत से बनेगा गौरव पथ

**लवन।** क्षेत्र के ग्राम मरदा में लंबे समय से जर्जर हो चुके मुख्य मार्ग का अब शीघ्र ही कायाकल्प होगा। विधायक संदीप साहू के प्रयासों से मरदा में 50 लाख की लागत से गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। विदित हो कि ग्राम



मरदा के भीतर का मुख्य मार्ग पिछले पांच दशकों से अधिक समय से अत्यधिक जर्जर स्थिति में था। इस कारण ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण लगातार इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए विधायक संदीप साहू ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से गौरव पथ निर्माण हेतु राशि की मांग की थी। इस पर 50.48 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। गौरव पथ की स्वीकृति मिलने पर ग्राम मरदा के ग्रामवासी, पंचगण, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत प्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक संदीप साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### मुंडा की स्कूल में रजत जयंती पर हुआ पुस्तक वाचन



**मुंडा।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना रजत रजत जयंती पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिचिरदा के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं पालकों द्वारा पुस्तक वाचन का कार्यक्रम संपन्न किया गया, जिसमें लगभग 281 लोगों ने भाग लिया एवं स्पष्ट व शुद्ध उच्चारण के साथ वचन करने वाले प्रथम द्वितीय छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं द्वारा शाला प्रांगण में शाला का नाम आकृति में बैठकर वचन पुस्तक वाचन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख भीजराम वर्मा, मनोज कुमार ध्रुव एवं शिक्षकगण लता ध्रुव, प्यारेलाल बरेट, नारदूराम पैकरा, पापूराम वर्मा, प्रभा वर्मा, डिगेश्वर प्रसाद साहू, प्यारेलाल पैकरा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## निधन

### बैसाखिन बाई साहू

खरोरा। ग्राम गैतरा निवासी साहू समाज की वरिष्ठ महिला बैसाखिन बाई साहू 75 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अंचल के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, सामाजिक बंधु एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और श्रद्धासुमन अर्पित किया। स्व. बैसाखिन बाई साहू, तुलाराम, मनीराम, भारत लाल एवं दिनेश्वर परेमीन की माता, महेतर राम साहू की बहन तथा बीरबल, ईश्वर, सेतराम, सेत बाई साहू और तोमन की बूआ थीं।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## गोरेलाल बर्मन को संगीत शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया

# मंत्री गुरु खुशवंत ने कलाकारों के साथ देवदास बंजारे को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी




अंतर्राष्ट्रीय पंथी कलाकार देवदास बंजारे के स्मृति दिवस पर प्रदेश स्तरीय सुरता व कलाकार सम्मेलन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हृदय प्रकाश अनंत के सौजन्य से बाराडेरा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब व अध्यक्षता नारायण कुर्रे मेला कमेटी अध्यक्ष ने किया।

इस अवसर पर प्रदेशभर के समस्त कलाकार सतनाम संस्कृति एवं संगीत अकादमी संगठन के साथ एकत्रित होकर देवदास बंजारे को संगीत मय श्रद्धांजलि अर्पित की, रातभर देवदास बंजारे अमर रहे के नारों वा गीतों से नभ मण्डल गुंजायमान रहा। विशिष्ट अतिथि एल एल कोशले प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले, पूर्व राज्य सभा सांसद भूषण लाल जांगड़े, सरला कोसरिया, मोहन बंजारे, चेतन चंदेल प्रवक्ता गुरु घासीदास सतनाम साहित्य अकादमी, रघुनाथ भारद्वाज, पप्पू बंजारे, नरेन्द कुर्रे, पप्पू चेलक, अनेक जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम में शामिल हुए, कार्यक्रम में छग के लोक संगीत में विशिष्ट योगदान के लिये गोरेलाल बर्मन को संगीत शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया। केश शिल्प कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मोना सेन विशिष्ट अतिथि रहे।, मोना सेन को कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। संतोष कुर्रे एवी एम स्टुडिओ को पितामह सम्मान, हेमलाल चतुर्वेदी को दादा नकुलदेव ढीढ़ही सम्मान, डॉ. जे आर सोनी को गुरु बालक दास सम्मान, किशन सेन को सुर साधक सम्मान, महेन्द्र महेश्वर फ़िल्मि निर्माता को गुरु अमरदास सम्मान, अरविन्द कुर्रे को सृजन सम्मान, डॉ. देवेश डहरिया को अनमोल रत्न, सम्मान, डॉ. रोहित डहरिया को महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान, जगत खंडेलवाल को सतनाम रतन सम्मान देकर सम्मानित किया गया। संगठन उपाध्यक्ष शिवा जांगड़े, सचिव द्वारिका बर्मन, यशवंत सतनामी, वीरेन्द चतुरवेदी, अमितकमल कोशले, दिलीप नवरतन सतवन टंडन, भगवती तान्देश्वरी, किरन भारती, भगत गुलेरी, रामबिलास खूंटे, गोफे लाल गेंदले, श्याम कुटेलिहा, मनोज ऑडिल, मिलन रंगीला, टी आर कुर्बान, रोहित डहरिया, धनीराम चाँदने, पंडित रामजोशी, डॉ हरगोबिंद कोशले, कृष्णा रात्रे, राम लहरे, पार्वती मंगेशकर, ललिता सोनवानी, शारदा चन्दन, रामावतार मयारू, संगीता, सुकमत टंडन, जानकी गुलेरी, उषा खूंटे, रोहित रत्नाकर, सुखचंद भाष्कर, संजय नारंग, किशकुर्रे, दुष्यंत खूंटे, विजय भाष्कर, दिनेश चेलक, शशि सतनामी, बल्लुराजा, सनम टंडन, जे डी बादल, रतन सोनवानी सहित प्रदेश भर के सैकड़ों कलाकार के साथ हजारों क्षेत्रवासियों ने देवदास बंजारे को नमन किया।

# तीजा पर्व पर गिर्रा में महिलाओं के लिए हुई विविध स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

तीजा पोला उत्सव समिति के सदस्य नरेन्द्र साहू, ललित यादव, सरजू कन्नौजे, सुरेन्द्र फेकर के संयोजकत्व में ग्राम गिर्रा में तीजा त्यौहार पर तीजहारिन महिलाओं के लिये विविध खेलों का आयोजन किया गया। मटका फोड़, नारियल फेंक, कुर्सी दौड़, पिट्ठूल खेल, सायकल खेल में मांडवी साहू, मंजू साहू, कुसुम साहू, राजकुमारी वर्मा, चंद्रकला फेकर, लक्ष्मी सेन, सविता मिर्झा, पिंकी वर्मा, राधा सेन, संतोषी वर्मा को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भुनेश्वर साहू, कोमल साहू ने एवं आभार प्रदर्शन उपसरपंच ललित यादव ने किया। इस अवसर पर मनोज फेकर, दीपक साहू, कौशल फेकर, रवि फेकर, पुरुषोत्तम यादव, दुलेश्वर कन्नौजे, संतराम साहू, राजाराम यादव, पप्पू यादव, गोलू यादव, पंकज साहू, पुरुषोत्तम श्रीवास, रूपेश साहू, रेणुका साहू, दुलारी कन्नौजे, दुर्पति धीवर, लता वर्मा, संतोषी वर्मा, ममता वर्मा, कुमारी वर्मा, भारती साहू, पूजा यादव, रुपाली साहू सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थे।

### विजेता को उपहार में दिया गया

कार्यक्रम में विजेताओं को साड़ी, साया, बलाउज, सेंडिल, श्रीफल उपहार में भेंट करते हुये मुख्य अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा तीजा त्यौहार पति-पत्नी के प्रेम का प्रतीक हैं। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर भोलेनाथ से अखंड सौभाग्यवति होने का वरदान मांगती है। दो कुल का नाम रोशन करने वाली धैर्य, त्याग, तपस्या, सरलता की प्रतिमूर्ति नारी जाति का हम सभी को सदैव सम्मान करना चाहिये।

# राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 29 से 31 अगस्त तक

**बलौदाबाजार।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त तक खेल गतिविधियों, सांसद खेल महोत्सव, स्कूल व कॉलेजों में खेल से संबंधित विषयों पर वाद-विवाद, फिटनेस टॉक, स्थानीय स्तर पर प्रचलित इनडोर गेम्स की प्रतियोगिताएं कार्यक्रम के अंतर्गत सायकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। 29 से 31 अगस्त को खेल गतिविधियों के अंतर्गत जिले के खिलाड़ियों के मध्य एथलेटिक्स (100 मी. दौड़, लम्बी कूद), फुटबॉल एवं बैडमिंटन, खेल से संबंधित विषयों पर वाद-विवाद, फिटनेस टॉक, स्थानीय स्तर पर प्रचलित इनडोर गेम्स की प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यकमों में सहभागिता हेतु भारत सरकार की वेबसाईट में पंजीयन कर ऑनलाईन वेबसाईट से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उक्त आयोजन में खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, जिला मुख्यालय के समस्त स्कूल, कॉलेज, छात्रावासों, खेल में रुचि रखने वाले विद्यार्थी, खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

# समाज सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए अरूण मुंबई में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- वर्ल्ड रिकॉर्ड आफ एक्सीलेंस इंग्लैंड ने मुंबई में किया सम्मान



विगत दिनों वर्ल्ड रिकॉर्ड आफ एक्सीलेंस इंग्लैंड द्वारा मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि -प्रोफ़ेसर डॉ. माधु कृष्ण (अमेरिका), अतिथि डॉ. दिवाकर सूकूल (यु.के) राजेन्द्र डरडा केबिनेट मंत्री महाराष्ट्र द्वारा मानव सेवा समाज सेवा कार्य पर अरूण छाबड़ा बंटी को मानव सेवा समाज सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य पर एक्सीलेंस अवार्ड से मुंबई में सम्मानित किया गया। पूर्व में मलेशिया, फ्लोरिडा एवं 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय संस्थानों से सम्मानित हो चुकी हैं ये निःस्वार्थ सेवा और सांत्वना के सच्चे बन गये हैं। स्वास्थ्य शिविरों में रक्तदान, खेल खुद, सांस्कृतिक, संमर कैंप,नारी शक्ति सम्मान, कार्यक्रमों और युवा। सशक्तिकरण में उनके अथक प्रयासों से अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ है और एकता देशभक्ति आशा की प्रेरणा दी है।

गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में भी मानद उपाधि डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया जा चुका है। नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य और नगर में सामाजिक धार्मिक साहित्यिक सेवाओं में लगातार बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले अरुण छाबड़ा ने अपने पिता स्व. चैतराम छाबड़ा की स्मृति में एक स्वर्गरथ वाहन शहर को उपलब्ध कराया है। नगर लोगों के लिए गौरव और सम्मान की बात है कि 2196 फीट लंबा तिरंगा जिसे 1378 छात्र छात्राओं द्वारा लहराकर गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भाटापारा का नाम बंटी छाबड़ा ने दर्ज करा कर नगर का नाम रोशन किया था।

मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के हाथों सम्मानित हो चुके हैं। मुंबई में सम्मानित होने पर डॉ. लक्ष्मी कोली नेपाल, हरपाल सिंह भांमरा, दलजीत चावला, नितिन भंसाली, जगजीत चावला, गुरभेज सिंह टोनी, सचिन मोनू सलूजा, नीकू सलूजा, राजकुमार मल, देवेन्द्र भृगु, अजयकांत शुक्ला, सुधीर मिश्रा, अजय गुप्ता, आलोक मोदी, रूपेश मिश्रा आदि शामिल हैं।

# महिलाओं ने पति के दीर्घायु के लिए रखा तीजा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



क्षेत्र में इस वर्ष भी हरितालिका तीज पर्व पारंपरिक श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर व्रती माताओं और बहनों ने विधिपूर्वक पार्थिव शिवलिंग की स्थापना कर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। छत्तीसगढ़ में तीज पर्व विशेष सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखता है। व्रती महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखते हुए संध्या 8 बजे से मध्य रात्रि 12 बजे तक शिव-पार्वती की आराधना की। पर्व के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा, नई साड़ियां और सोलह श्रृंगार के साथ तीज की पूजा की। लोक गीतों की मधुर स्वर लहरियों और झूले की झंकार से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया।

# गणेश चतुर्थी पर लहर गंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



सुहेला मंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमाकोनी में गणेश चतुर्थी पर आयोजित लहर गंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, सुहेला मंडल मंडल अध्यक्ष हेमन्त बघमार, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, युगल किशोर वर्मा, जनपद सदस्य खोमलाल साहू, झाला राम वर्मा, हरिशंकर वर्मा, सुमित वर्मा, दीपक वर्मा, सुनील वर्मा, सरपंच नवापारा डोमार मार्कण्डेय, आमाकोनी के सरपंच मनीष साहू एवं बूथ अध्यक्ष रूपेंद्र वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## धर्म का पहला लक्षण उत्तम क्षमा है

# भाटापारा के दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व का पहला दिवस धूमधाम से मनाया गया। आज उत्तम क्षमा धर्म है सर्वप्रथम श्री महावीर भगवान की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर प्रकाश मोदी ने पाण्डुक शिला में विराजमान की, उसके बाद मंगल अभिषेक प्रारंभ हुआ, आज की शांति धारा का सौभाग्य प्रकाश चंद मोदी परिवार एवं अक्षत जैन रवि जैन परिवार को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात भगवान की मंगल आरती की गई /"इंद्र ने हर्ष कियो भारी, जन्मोत्सव श्री वर्धमान की किनी तैयारी की धुन पर सभी ने भक्ति भाव से नृत्य करते हुए भगवान की मंगल आरती की। आरती के पश्चात श्रीजी की प्रतिमा बेदी पर विराजमान की गई और पर्यूषण पर्व की पूजा प्रारंभ हुआ।

सर्वप्रथम देव शास्त्र गुरु की पूजा, भगवान आदिनाथ की पूजा, 24 तीर्थंकर का अर्घ, सोलह कारण पूजा , दशलक्षण पूजा संगीत के साथ भक्ति के साथ संपन्न की गई।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक ने कहा धर्म का पहला लक्षण उत्तम क्षमा है। आत्मा की स्वाभाविक परिणीति का नाम क्षमा है। अपनी आत्मा के स्वभाव में स्थिर हो जाने का नाम क्षमा है। व्यवहार में क्रोध के अभाव को क्षमा कहते हैं। जिस प्रकार बिना आत्मा के इस मानव देह का कोई मूल्य नहीं, इसी प्रकार क्षमा के बिना आत्मा का भी कोई मूल्य नहीं। संसार में क्रोध के समान कोई पाप नहीं है। क्रोध के समान कोई शत्रु नहीं है तथा संसार में जितने अनर्थ होते हैं वह सब क्रोध के कारण होते हैं। हमें ऐसे क्रोध को छोड़ देना चाहिए, यदि शांति चाहिए तो क्रोध के अवसर पर गम खाने में ही फायदा है। अंत में अरनव मोदी द्वारा जिनवाणी स्तुति संपन्न की गई। रात्रि कालीन भगवान आचार्य श्री महाराज जी की मंगल आरती संपन्न की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन, नितिन, सचिन, पंकज गदिया, प्रकाश, आलोक, विनोद, अभिषेक, अभिनव, अभिनंदन, अरिंजय, अविरल, अर्णव मोदी, सुमन लता, रजनी, नेहा, सुरभि मोदी, अभिलाषा, सनाया, रियान जैन, अंकुश अनुराग जैन, मयंक संतोष जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411